बुधवार

08 फरवरी, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




बारात में नाच के दौरान उपजे विवाद में रेलवे इंजीनियर की गोली मार हत्या 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# राहुल गांधी ने सीएम योगी को कहा ठग, भाजपा ने जताई आपत्ति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ठग कहा है। सोमवार को दिल्ली में सामाजिक संगठनों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। इसके जवाब में त्रिपुरा में एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आस्था से खिलवाड़ किया। कांग्रेस राम और कृष्ण के अस्तित्व को भी नकारती रही है। वहीं राहुल गांधी ने यूपी के हालात पर कहा कि कोई भी धर्म उत्तर प्रदेश में हिंसा को बढ़ावा नहीं दे रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भाषा के चलते धार्मिक नेता नहीं कहे जा सकते। सिर्फ भगवा पहन लेने से कोई धार्मिक नेता नहीं हो जाता। माफी चाहूंगा, लेकिन आदित्यनाथ कोई धार्मिक नेता नहीं, बल्कि सामान्य से ठग हैं।

## यूपी में बीजेपी जो कर रही वो धर्म नहीं, अधर्म : राहुल





राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम में कहा, सीएम योगी को अगर हिंदू धर्म समझ आता तो वह जो करते हैं वो नहीं करते। वह अपने मठ का अपमान कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद महिला ने उनसे सवाल किया था कि उत्तर प्रदेश में जो धर्म की आंधी चल रही है, इस स्थिति में कांग्रेस क्या करेगी? इसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा, आपने कहा कि उत्तर प्रदेश में धर्म की आंधी है। यह धर्म नहीं है। मैंने इस्लाम के बारे में पढ़ा, ईसाई धर्म के बारे में पढ़ा है, यहूदी धर्म के बारे में पढ़ा है और बौद्ध धर्म के बारे में पढ़ा है। हिंदू धर्म तो मैं समझता हूं। कोई धर्म नहीं कहता है कि नफरत फैलाओ। राहुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी जो कर रही है वो धर्म नहीं, अधर्म है।

## बयान वापस लें राहुल

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने आक्रोश जाहिर किया है। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम करती है और राहुल गांधी ने योगी आदित्यनाथ और गोरखनाथ पीठ पर आपत्तिजनक बयान देकर कांग्रेस की उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि वह अपना बयान वापस लें।

## अडानी मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में अपने भाषण के दौरान केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने अग्निवीर योजना, अडानी मामले को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि कई साल पहले रिश्ता शुरू हुआ जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। एक व्यक्ति पीएम मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा था, वह पीएम के प्रति वफादार था और उसने मोदी की मदद की। असली जादू तब शुरू हुआ जब 2014 में पीएम मोदी दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब अडानी के पास डिफेंस सेक्टर, ड्रोन सेक्टर का कोई अनुभव नहीं है। अडानी ने कभी ड्रोन नहीं बनाया, इसके बावजूद पीएम मोदी इजरायल जाते हैं और अडानी को ठेका मिल जाता है। उन्होंने कहा कि एक नियम है जिसके पास हवाई अड्डों का पूर्व अनुभव नहीं है वह हवाई अड्डों के विकास में शामिल नहीं हो सकता। भारत सरकार ने यह नियम बदला है और अडानी को छह हवाई अड्डे दिए गए। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कल पीएम ने एचएएल में कहा कि हमने गलत आरोप लगाए, लेकिन असल में एचएएल का 126 विमानों का ठेका अनिल अंबानी के पास गया है। पहले मोदी के जहाज से अडानी जाते थे, अब अडानी के जहाज से मोदी जाते हैं। अडानी पर पूरी दुनिया को, हावर्ड को स्टडी करनी चाहिए। इस पर पीएम मोदी को गोल्ड मेडल मिलना चाहिए।

# शरद यादव को धकिया कर जदयू को हथिया लिया गया : कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**

- जदयू नीतीश की पार्टी नहीं है, समता पार्टी बनी थी, जॉर्ज फर्नांडिस ने आशीर्वाद के रूप में नीतीश को यह पार्टी सौंपी थी
- आरोप तो नीतीश कुमार पर लग रहा है कि वो बीजेपी के संपर्क में हैं

जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा एक के बाद एक हमला बोल रहे हैं। मंगलवार को एक तरफ जहां उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा तो वहीं दूसरी ओर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को लेकर भी एक राज खोला। उपेंद्र कुशवाहा ने तो यहां तक कह दिया कि वो खुद को आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कुशवाहा ने कहा है कि जदयू नीतीश कुमार की पार्टी नहीं है। शरद यादव को धकिया कर पार्टी को हथिया लिया गया है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर कुशवाहा ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कागज में जेडीयू ललन सिंह की पार्टी जिसे किसी को सौंपने की तैयारी है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने तो यह बात कह दी थी कि संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद का कोई मतलब नहीं है। झुनझुना है। ललन सिंह ने यह बात कहकर कि सिर्फ एमएलसी हैं उन्होंने इसे साबित कर दिया है। यह सब कोई देख रहा है कि मेरे साथ धोखा हुआ है या क्या है। सभी कार्यकर्ता ठगे गए हैं।

**आरोप लगने से कुछ नहीं होता:** एक सवाल पर कि नीतीश कुमार ने कहा है कि उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली में छपने लगे हैं। इस पर कुशवाहा ने कहा कि परिवार का कोई सदस्य अगर देश के स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा हो तो इसमें ईर्ष्या होने लगे, यह तो घोर आश्चर्य का विषय है। उपेंद्र कुशवाहा अगर दिल्ली या अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आए तो यह बात तो नीतीश कुमार को ज्यादा अच्छा लगनी चाहिए थी। उनके मन में क्या है इसका पता नहीं। जहां तक उनका इशारा है कि उपेंद्र कुशवाहा किसी के संपर्क में है तो यह आरोप तो किसी पर कहीं भी लग सकता है। आरोप लगने भर से कोई सच मानने लगे तो फिर तो उन्हीं पर लग रहा है कि वो बीजेपी के संपर्क में हैं।

## नीतीश कुमार पहले अपना इतिहास देखें

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि लोग आज कल यह भी कह रहे हैं कि इस बार के विधानसभा सत्र के बाद नीतीश कुमार की दोस्ती बीजेपी के साथ होने वाली है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर कि कुशवाहा कई बार आए और पार्टी से भाग गए, इस पर कहा कि नीतीश कुमार को अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस पार्टी को आज वह खुद का बता रहे हैं यह उनकी है क्या? समता पार्टी बनी थी। जॉर्ज साहब ने आशीर्वाद के रूप में नीतीश कुमार को यह पार्टी सौंपी थी। जेडीयू शरद यादव की पार्टी है। उन्हीं को धकिया के हटा दिया गया। आज इस पार्टी को कह रहे हैं कि उनकी पार्टी है। पार्टी किसकी है? इस पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कागजी रूप से ललन सिंह इस पार्टी के मालिक हैं। तैयारी है पूरी कि इस पार्टी को सौंप दें कहीं। सौंपने की बात कागजी रूप से कहीं जा सकती है लेकिन ओरिजिनल रूप में करोड़ों लोगों के दिल में यह पार्टी और यहां से छीन कर नहीं ले जा सकते हैं।

**दबिश: बालू के धंधे से अर्जित अकूत संपत्ति के मामले में छापेमारी की सूचना**

# जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ के ठिकानों पर आईटी का छापा

**केटी न्यूज/आरा**

जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ के घर मंगलवार की सुबह-सुबह इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है। आईटी टीम ने राधाचरण सेठ के निजी आवास, होटल, रिसोर्ट समेत देश के अन्य शहरों में चल और अचल संपत्ति की जांच की। जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स विभाग की टीम मंगलवार की सुबह एसएसबी स्पेशल के साथ आरा पहुंची थी। इसके बाद बाबू बाजार, रमना मैदान स्थित होटल, आरा-पटना बाईपास रोड स्थित एक रिसोर्ट समेत कई जगहों पर एक साथ टीम ने धावा बोला है। छापेमारी में क्या हाथ लगा इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं आरा के प्रसिद्ध व्यवसायी हरखेन एंड संस के मालिक कमल जैन के यहां भी छापेमारी हुई है। कहा जा रहा है कि हरखेन कुमार की बहुत सारी संपत्ति सेठ जी ने खरीदी थी। हरखेन कुमार ज्ञानस्थली स्कूल, धर्मशाला, सहित उनकी कई संपत्तियों को जेडीयू एमएलसी ने खरीद लिया था। आरा के अलावा एमएलसी के पटना, दिल्ली समेत देशभर में कई अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी चलने की सूचना है। चर्चा है कि बालू के धंधे से अर्जित अकूत संपत्ति के मामले में छापेमारी हो रही है। ।





## केन्द्रीय बल के जवानों के साथ छापेमारी

आयकर की छापेमारी के दौरान विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसे लेकर एसएसबी समेत अन्य केन्द्रीय फोर्स की टीम को लगाया गया है। लोकल पुलिस को इससे अलग रखा गया। टीम के साथ आयकर विभाग के शीर्ष अधिकारी भी थे। सुबह साढ़े सात बजे से ही छापेमारी शुरू कर दी गई थी।

## मिठाई दुकानदार से बने धनकुबेर

राधाचरण एक दौर में आरा रेलवे स्टेशन पर मिठाई की दुकान चलाते थे। कहा जाता है कि उनकी पढ़ाई-लिखाई कुछ खास नहीं थी और वे सिर्फ रुपए ही पहचान पाते थे। लेकिन मिठाई दुकान चलाते-चलाते सेठ की किस्मत बदली। मिठाई दुकानदार से होटल के मालिक हो गए। फिर जमीन और रियल एस्टेट के बिजनेस में उतर धनकुबेर बन बैठे।

## बालू कारोबार से भी जुड़े रहे हैं सेठ

राधा चरण सेठ लंबे समय से बालू सिंडिकेट से भी जुड़े रहे हैं। भोजपुर के कोईलवर, बिहटा के परेव पटना, औरंगाबाद और गया के बड़े बालू कारोबारियों से उनके अच्छे संबंध रहे हैं। चर्चा है कि हरखेन जैन ने आरा में कई जगह अपनी संपत्ति का बहुत बड़ा हिस्सा राधा चरण सेठ को बेच दिया था। दो साल पहले यह डील हुई थी।

## जदयू के शीर्ष नेताओं के करीबी रहे हैं

अप्रैल 2022 में भोजपुर सह बक्सर एमएलसी चुनाव में राजग के जदयू प्रत्याशी सह पूर्व विधायक राधाचरण सेठ ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की थी। उन्होंने राजद प्रत्याशी अनिल सम्राट को शिकस्त दी थी। राधा चरण को जदयू का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया था। जदयू के शीर्ष नेताओं के करीबी रहे हैं।

# परीक्षा में नकल रोकने से नाराज छात्रों ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट को पीटा

**केटी न्यूज/बांका**

बांका में परीक्षा में नकल रोकने पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट पर जानलेवा हमला हुआ है। छात्रों ने इतना मारा कि वो ठीक से बोल भी नहीं पा रहे। आंखें भी ठीक से नहीं खुल रही। बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट पंकज कुमार जायसवाल अमरपुर के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हैं। बाराहाट प्रखंड के हरिहर चौधरी इंटर परीक्षा केंद्र में उनकी ड्यूटी बतौर स्टेटिक मजिस्ट्रेट पर थी। दूसरी पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद सोमवार को 15-20 छात्रों ने उनपर जानलेवा हमला बोल दिया।



पंकज कुमार की बेहरमी से पिटाई के बाद सभी छात्र भाग गए। गंभीर रूप से घायल पंकज ने स्वास्थ्य विभाग को खुद ही इसकी सूचना दी। मौके पर एंबुलेंस पहुंची, फिर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेजा गया।

## गया में 50 हजार घूस लेते बीईओ गिरफ्तार

**गया।** गया में पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने टिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। टिकारी बीईओ संजीव कुमार प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में अपने चैंबर में बैठे थे, उसी दौरान निगरानी टीम ने मध्य विद्यालय चैता, टिकारी के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार से 50 हजार रिश्वत लेते उन्हें गिरफ्तार किया है। बीईओ विद्यालय का बार-बार निरीक्षण व भवन निर्माण कार्य करने देने के लिए घूस मांग रहे थे। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने 30 जनवरी को निगरानी ब्यूरो विभाग में इसकी शिकायत की थी।






**समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा**

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का सीएम ने किया उद्घाटन

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को समाधान यात्रा के क्रम में मुंगेर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने जमालपुर प्रखंड के गुलालपुर में धूसर जल प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और वहां प्लास्टिक कतरन मशीन को स्टार्ट कर उसकी कार्य प्रणाली को देखा। मुख्यमंत्री ने कंबल निर्माण इकाई का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने जिला औद्योगिक प्रवर्तन योजना के



अंतर्गत पाल हस्तकरघा बुनकर संघ के लोगों से मुलाकात भी की और जीविका स्वयं सहायता समूह को 4 लाख 12 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमी योजना के अंतर्गत वित्त प्रदत, चना एवं गेहूं से चोकर युक्त आटा एवं सत्तू निर्माण के एक उद्यम एसके इंटरप्राइजेज का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित वानिकी महाविद्यालय, मुंगेर का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कैम्पस में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परिसर में और पौधारोपण कराएं। भवनों पर और सोलर प्लेट लगाएं। बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और मनोरंजन की व्यवस्था रखें। छात्र - छात्राओं को यहां किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ख्याल रखें। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग मुंगेर हमेशा आते रहे हैं। मुंगेर देश के पौराणिक स्थलों में से एक है। हमलोग इसके महत्व को समझते हैं। बिहार में वानिकी कॉलेज की स्थापना की बात हुई तो हमलोगों ने तय किया कि यह मुंगेर में ही बनेगा। यह कॉलेज काफी सुंदर बना है। हमने इसका जायजा लिया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जायजा लेने के लिए हमलोग दौरा कर रहे हैं।

गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन को सुरक्षित रखने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए जो कुछ भी करना जरुरी होगा हमलोग करेंगे। इसको लेकर हमलोग शुरू से काम कर रहे हैं। इस बार वषार्पात नहीं होने से किसानों को दिक्कत हुई है। सुखाड़ की स्थिति में भी हमलोगों ने यहां आकर एक-एक चीज की जानकारी ली थी और लोगों की सुविधा को लेकर सरकार ने कदम उठाये थे।

केशव टाइम्स
बक्सर, 08 फरवरी 2023





website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### ससुर की हत्या में दामाद गिरफ्तार

**जहानाबाद।** बीती रात जिले के ओकरी ओपी अंतर्गत उमराई विगहा निवासी भुनेश्वर यादव की हत्या गोली मारकर कर दी गयी है। घटना के पश्चात मृतक की पत्नी के फर्दब्यान के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध घोषी हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस ने इस कांड का सफल उद्भेदन किया गया।बताया जाता है कि भुनेश्वर यादव की तीन बेटियां है एवं पुत्र नहीं है। मृतक के पास छः बीघा खेती का जमीन है, जिसे बंटवारा को लेकर दामादों एवं मृतक के बीच आपसी मनमुटाव चल रहा था। मृतक अपने जीवन में अपने दामाद को संपत्ति का हस्तांतरण नहीं करना चाहते थे। जबकि अपने भाई के लड़के और गांव वालों को आर्थिक मदद करते रहते थे। इसी रंजिश के कारण मृतक की पुत्री सुनीता देवी के पति मनोज कुमार ने उनको मारने की योजना बनाई और अपने एक अन्य साथी के मदद से मृतक भुनेश्वर यादव की हत्या कर दी।

### पीड़िता को दिया दुर्घटना बीमा का चेक

**जहानाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायधीश डॉ. राकेश कुमार सिंह ने मोटर दुर्घटना केस में ग्राम ग्राई बिगहा निवासी पीड़िता फूला देवी को आठ लाख पचास हजार रुपए का चेक दिया। उन्होंने पीड़िता को सलाह दी कि इस पैसे को अपने बच्चे को अच्छी पढ़ाई कराने और उनके उज्वल भविष्य के लिए फिक्स डिपोजिट कर दें। आवेदिका के अधिवक्ता रामानंद साव ने बताया कि 2020 में जहानाबाद कॉलेज के पास ट्रक के ड्राइवर की लपरवाही से टेम्पु को टक्कर हो गई थी। जिससे टेम्पु में बैठे सूचिका के पति सम्मान पंडित को घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पीड़िता द्वारा मुआवजा के लिए न्यायलय में मोटर दुर्घटना के तहत मामला दर्ज कराया था।


# मलेरिया पर नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित की जाएंगी आशा कार्यकर्ताएं

- प्रखंडवार प्रशिक्षण के माध्यम से आशा कार्यकर्ता जानेंगी मलेरिया जांच व उपचार के तरीके
- लोगों को साफ-सफाई के संबंध में जागरूक करने पर दिया जाएगा जोर

केटी न्यूज/बक्सर

मौसम में बदलाव के साथ जिले में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। जिले में मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे में मच्छरों के प्रकोप से बचने और मच्छर जनित रोगों से लोगों के बचाव की तैयारी शुरू कर दी गई है।

इस क्रम में मलेरिया जांच व प्रबंधन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को दक्ष बनाया जाएगा। जिसके लिए उन्हें प्रखंडवार प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि, उन्हें मलेरिया के लक्षण, जांच और इलाज की जानकारी दी जा सके। प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान बताया जाएगा कि जिन लोगों को मलेरिया होता है उन्हें आमतौर पर तेज बुखार और कंपकंपी के साथ बुखार आता है। मलेरिया का वक्त पर इलाज होना जरूरी है। मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवी की वजह से होता है और परजीवी संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से लोगों में विशेष रूप से फैलता। इसलिए आशा कार्यकताओं के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई के संबंध में भी जागरूक करने पर जोर दिया जाएगा।



**लक्षणों के आधार पर रोग की पहचान आसान :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, मलेरिया के कई लक्षण हैं। लेकिन एक ही मरीज में सभी लक्षण दिखे यह जरूरी नहीं है। अमूमन बुखार आना, सिरदर्द, उल्टी होना, ठंड लगना, चक्कर आना सहित अन्य अन्य रोग के प्रमुख लक्षण हैं। कोई भी साधारण बुखार मलेरिया हो सकता है। रोगी के ब्लड सैंपल की जांच से रोग का पता आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रोग से बचाव के कई आसान उपाय हमारे पास उपलब्ध हैं। इसमें मच्छरदानी का प्रयोग, आस-पास के माहौल की स्वच्छता का ध्यान रखना, जलजमाव की स्थिति पैदा न होने देना, घर के अंदर मच्छर मारने वाली दवा का प्रयोग, मच्छर के घर में प्रवेश को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली का प्रयोग सहित अन्य उपाय किये जा सकते हैं।

### समुचित जानकारी देना प्रशिक्षण का उद्देश्य

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार ने बताया, आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया रोग से समुचित जानकारी देना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। ताकि अपने पोषक क्षेत्र में किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखने व तत्काल जांच के बाद उनका इलाज शुरू करा सकें। उन्होंने बताया डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक देश में हर साल मलेरिया की वजह से 2 लाख लोगों की मौत होती है। इसका सबसे अधिक शिकार 05 से 14 साल के बच्चे होते हैं। मलेरिया रोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर सबसे पहले जांच करनी चाहिए व पॉजिटिव होने पर पूरा उपचार लेना चाहिए।

### मलेरिया के लक्षण

- ⇨ बुखार आना
- ⇨ सिर दर्द होना
- ⇨ उल्टी होना
- ⇨ ठंड लगना
- ⇨ चक्कर आना
- ⇨ थकान होना
- ⇨ पेट दर्द
- ⇨ तेज से सांस

### गाना बजाने को लेकर बाराती व स्थानीय युवकों में विवाद में चली गोली में गयी जान

# बारात में नाच के दौरान उपजे विवाद में रेलवे के इंजीनियर की गोली मार हत्या

- इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने से पहले इंजीनियर ने तोड़ा दम
- गोलीबारी में शामिल युवकों की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर-पकड़ी गांव में सोमवार की रात बारात में नाच के दौरान उपजे विवाद में एक रेलवे इंजीनियर की गोली मार हत्या कर दी गयी। फरमाइशी गाना बजाने को लेकर बारातियों और स्थानीय युवकों के बीच उपजे विवाद के दौरान फायरिंग में इंजीनियर को गोली लगी थी। गोली उनके आंख के पास लगी थी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत इंजीनियर जगतपुर पकड़ी गांव निवासी उमेश कुमार सिंह का 23 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार सिंह उर्फ भास्कर थे। करीब एक साल पहले ही उनकी नौकरी लगी थी। फिलहाल वह मुगलसराय रेल डिविजन के वाराणसी में जूनियर इंजीनियर के पद पर पोस्टेड था। एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, फायरिंग और हत्या से जनवासे में भगदड़ मच गयी। बाराती और साराती पक्ष के लोग भागने लगे।



अस्पताल में मृतक को लेकर पहुंचे परिजन

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की धरपकड़ में जुट गयी। आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर-पकड़ी गांव निवासी अजय सिंह की बेटी की बारात आरा नगर के मझौंवा से आयी थी। बारात में नाच का प्रोग्राम चल रहा था। रात करीब 12 बजे फरमाइशी गाना बजाने और डांस करने को लेकर कुछ बाराती और स्थानीय युवकों में विवाद हो गया। उस दौरान पहले मारपीट हुई और फिर गोलियां चल गयी। उसमें नाच देख रहे अभिषेक कुमार सिंह को गोली लग गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### बारातियों ने पहले युवक की कर दी पिटाई

नाच देख रहे कुछ स्थानीय युवकों व बारातियों के बीच फरमाइशी गाना बजाने के विवाद ने ऐसा तुल पकड़ा कि मामला फायरिंग तक पहुंच गयी। उसमें गोली लगने से इंजीनियर अभिषेक कुमार सिंह उर्फ भास्कर की मौत हो गयी। हालांकि फायरिंग और हत्या के पीछे पूर्व के विवाद की भी चर्चा चल रही है। कुछ ग्रामीणों द्वारा पिछले साल दुर्गा पूजा के दौरान उपजे विवाद में फायरिंग किये जाने की आशंका जताई जा रही है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार के अनुसार बारात में नाच का प्रोग्राम था। उसमें बारातियों और स्थानीय युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और मारपीट हुई। तब स्थानीय यवक वहां से चले गये। बाद में उन युवकों ने बाराती समझ एक लड़के की पिटाई कर दी। उसे देख बाराती पहुंचे और युवकों के साथ फिर से मारपीट होने लगी। बारातियों की संख्या अधिक देख युवक भागने लगे। उसी दौरान युवक की ओर से फायरिंग कर दी गयी।

> “ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। चार-पांच लोगों का नाम सामने आया है। मामले की छानबीन और गिरफ्तारी के लिए एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गयी है। एक आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।
>
> *– प्रमोद कुमार, एसपी, भोजपुर*

## एक नजर

### एसएस कॉलेज के सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई



**जहानाबाद।** एसएस कॉलेज के राजकुमारी सभागार में हुए एक सादे समारोह में हाल में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त रसायन शास्त्र विभाग के प्रयोग प्रदर्शक मोती लाल, आदेशपाल सुब्बा लाल एवं भौतिकी विभाग के भंडारपाल कृष्ण मोहन राय को प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र के द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति हमारे जीवन का महज एक पड़ाव है, हमारा जीवन उसके आगे भी बदस्तूर जारी रहता है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ईमानदारी, कर्तव्य परायणता एवं समयबद्धता जैसे बहुमूल्य गुणों को सराहते हुए उनके स्वस्थ, सुखद, सरस व जीवंतता भरे भावी जीवन की कामना की। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय परिवार के अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने भी इन कर्मियों के साथ जुड़े अपने अनमोल संस्मरणों को साझा किया। भावुकता भरे वातावरण में हुए अपने सम्मान से अभिभूत सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने-अपने उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में प्रो. ( डॉ.) कृष्णानंद, डॉ. श्रीनाथ शर्मा, डॉ. बाल भगवान शर्मा, डॉ. इमरान अरशद, डॉ. सतीश चन्द्र पाठक, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, बिरेंद्र कुमार विद्यार्थी, अनिल कुमार द्विवेदी, रामजीवन पासवान, सुबोध कुमार सुमन, प्रेम कुमार, विवेकानंद कुमार आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार रॉय ने किया।

### डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती को बुनियादी शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की अपील की



**जहानाबाद।** जिले के काको स्थित कायनात नगर में मंगलवार को 24वें कायनात स्थापना दिवस का उद्घाटन किया गया। इस दौरान डॉ जाकिर हुसैन के शिक्षा के क्षेत्र में सेवाओं और योगदान को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत के जामिया मिलिया इस्लामिया सेंट्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यपाल बिहार, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और भारत के राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन की 125वीं जयंती की पूर्व संध्या पर बुनियादी शिक्षा दिवस के रूप में अपना 24वां स्थापना दिवस मनाया। कायनात फाउंडेशन के संस्थापक सचिव शकील काकवी ने लोगों से एक शिक्षाविद के रूप में बेसिक शिक्षा नीति के क्षेत्र में स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन की सेवाओं की मान्यता में 8 फरवरी को ₹बुनियादी शिक्षा दिवस₹ के रूप में मनाने की अपील की। डॉ. सेमी इकबाल, एसोसिएट प्रोफेसर, एस-एन- सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद ने लतीफ शम्सी, स्वतंत्रता सेनानी और अक्षयवर सिंह, एसएचओ, काको पुलिस स्टेशन के साथ बुनियादी शिक्षा दिवस का उद्घाटन किया। डॉ. सेमी इकबाल ने कायनात फाउंडेशन और कायनात इंटरनेशनल स्कूल की भूमिका की सराहना की और छात्रों को वैज्ञानिक मॉडल विकसित करने में उनकी भूमिका के लिए प्रोत्साहित किया।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, सनसनी

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मधुरी टोला गांव में मंगलवार की सुबह दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। घर बनाने के लिए एक लाख नहीं मिला, तो ससुराल वालों द्वारा गला घोंटकर उसे मार डाला गया। मृत विवाहिता मधुरी टोला गांव निवासी मुन्ना राम की 24 वर्षीया पत्नी कंचन देवी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

इस संबंध में विवाहिता कंचन देवी की मां सविता देवी की तहरीर पर पति और सास सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, रोहतास के कच्छवा थाने के भड़कुड़िया गांव निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसकी बहन कंचन की शादी 2017 में मधुरी गांव निवासी रामायण राम के पुत्र मुन्ना राम के साथ हुई थी। उसके कुछ समय के बाद से ही घर बनाने के लिए उसकी बहन के पति द्वारा एक लाख रुपये की मांग की जा रही थी। सोमवार को फोन पर उसकी बहन से बात की, तो कहा कि गांव आना है। उस पर उसने कहा कि आओ, तो बहन ने कहा घर बन जाएगा तभी आयेगी। इसी बीच मंगलवार को सूचना मिली कि उसकी बहन की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर वे लोग ससुराल पहुंचे, तो देखा कि दरवाजा आगे से बंद है और घर में ताला लगा है। उसके बाद पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि विवाहिता कंचन देवी सात बहन और दो भाइयों में बड़ी थी। उसको तीन साल का एक पुत्र जीतन है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

## लूटपाट के लिए निकले दो अपराधी हथियार के साथ धराए

- एक कट्टा, तीन गोलियां, दो मोबाइल और छीनी गयी एक बाइक बरामद

केटी न्यूज/आरा

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के समीप पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाश छीनी गयी बाइक से लूटपाट करने निकले थे। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने रोका, तो अपराधियों ने उनपर पिस्टल तान दी। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक कट्टा, तीन गोली, दो मोबाइल और लूटी गयी एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी राज कुमार यादव और सहार थाना क्षेत्र के सेवथा गांव निवासी आर्यन सिंह हैं।





मामले की जानकारी देते एसपी व अन्य

हालांकि एक अपराधी मौके से भागने में सफल रहा। तीनों अपराधी तीस जनवरी को उदवंतनगर पंचायत भवन के पास कैश वैन के गन मैन की बाइक लूट में शामिल थी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से मिली बाइक गन मैन की बतायी जा रही है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी बाइक से लूटपाट करने निकले हैं। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग शुरू की गयी। इस क्रम में उदवंतनगर थाने के सुढ़नी मोड़ के पास भी वाहन जांच की जा रही थी। तभी बाइक सवार तीन युवक पहुंचे। पुलिस ने रोका तो अपराधी भागने लगे। उस पर पुलिस द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया, तो बदमाश द्वारा पुलिस पर पिस्तौल तान दी गयी। तब पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा मौके से भाग निकला।

### परिवार नियोजन पर 58 शहरी आशा कार्यकताओं का हुआ उन्मुखीकरण

# आशा कार्यकर्ताओं के लिए 64 कार्य निर्धारित: प्रणय

- आश्विन पोर्टल पर कार्य अपलोड करने के दिए गए निर्देश

केटी न्यूज/पटना

जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों में परिवार नियोजन की भूमिका अहम् मानी जाती है। शहरी क्षेत्रों में भी लोगों को परिवार नियोजन का साधनों के बारे में और जागरूक करने की जरुरत महसूस की जा रही है। इसी क्रम में राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रांगन में पटना के शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकताओं के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति एवं पीएसआई इंडिया के सहयोग से आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में पटना शहरी क्षेत्र की सभी 58 कार्यरत आशा ने भाग लिया। कार्यशाला में विरंची संस्था की तरफ से निखिल कुमार, ममता कुमारी, अंजू कुमारी एवं अलोक कुमार ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई।



आशा कार्यकर्ताओं को जानकारी देते सेल के अधिकारी

**आश्विन पोर्टल पर कार्य अपलोड करने के दिए गए निर्देश :** कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुआ स्टेट हेड, आशा सेल, प्रणय कुमार ने कहा कि सभी आशा कार्यकर्ता हर महीने की 5 तारीख तक आश्विन पोर्टल पर पिछले महीने किये गए कार्यों का स्पष्ट एवं सही विवरण अपलोड किया करें। इससे उनके द्वारा किये गए कार्यों का भुगतान ससमय किया जा सकेगा। उन्होंने आशा कार्यकताओं से पोर्टल में अपने कार्यों को अपलोड करने के तरीकों के बारे में पुछा और सही तरीके के बारे में उन्हें बताया। स्टेट हेड, आशा सेल ने बताया कि आशा कार्यकताओं के लिए कुल 64 कार्य निर्धारित किये गए हैं। जिन्हें नियमित अथवा समय समय पर करना होता है।

**आशा कार्यकर्ता हैं समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने की धुरी:** क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन ने कहा कि आशा कार्यकर्ता समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने की धुरी हैं। इनका उन्मुखीकरण होने से परिवार नियोजन कार्यक्रम को और गति मिलेगी।

**आश्विन पोर्टल पर कार्य अपलोड करने के दिए गए निर्देश :** कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार प्रीति सिंह ने बताया कि पटना के शहरी क्षेत्र में भी परिवन नियोजन के साधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरुरत है। स्थायी एवं अस्थायी साधनों के बारे में घर घर जाकर समुदाय से चर्चा कर साधनों के फायदों को साझा करने से परिवार नियोजन कार्यक्रम को बल मिलेगा और लोग छोटे एवं सीमित परिवार के फायदों को समझेंगे। प्रीत ने बताया कि “छोटा परिवार, सुखी परिवार” के संदेश को घर घर पहुंचाने की जरुरत है। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया की तरफ से वरीय प्रबंधक, विवेक मालवीय एवं प्रबंधक, कार्यक्रम संचालन, ज्योति कुमारी उपस्थित रहे।




## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के कुल्हवा गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि कुल्हवा गांव की रहने वाली मनोज राम की पत्नी रीना देवी ने पुलिस को दिये गये आवेदन में आरोप लगाया है कि पड़ोसी ने बेवजह मुझे देखकर गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की गयी, जिसमें मैं और मेरी बेटी जख्मी हो गयी तो वहीं दूसरे पक्ष के भोला पासवान की पत्नी उर्मिला देवी ने आरोप लगाया है कि मैं अपने बेटी के साथ दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान पहले पक्ष के सभी परिजन गाली-गलौज करते हुए मुझे और मेरी बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह जान बचाया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर पुलिस मामले को दर्ज कर ली गई है।

### द एमिटी स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के द एमिटी स्कूल सोनवर्षा का वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। मंगलवार को छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया। जिससे की उनकी प्रस्तुति मनमोहक हो सके। साथ ही उनकी कला में कहीं त्रुटी नहीं हो। विद्यालय के डायरेक्टर अमरेंद्र राजेश ने बताया कि 8 फरवरी को विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी छात्रों ने पूरी कर ली गई है।

# बोले डीएम... कचरा प्रबंधन के लिए सबकी सहभागिता से लक्ष्य की होगी प्राप्ति

- डुमरी को स्वच्छ व सुंदर बनाने का लिया गया संकल्प, ग्रामीणों ने भरी हुंकार
- डीएम ने वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का किया उद्घाटन, दिया स्वच्छता का संदेश

**केटी न्यूज/सिमरी**

पर्यावरण संरक्षण के लिए कचरा का प्रबंधन जरूरी है। यह न सिर्फ सरकारी की चिंता होनी चाहिए बल्कि प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य बने तभी हम अपने गांव तथा समाज को स्वच्छ व सुंदर बना सकते है। उक्त बातें बक्सर डीएम अमन समीर ने मंगलवार को सिमरी अंचल के डुमरी गांव में कही। वे डुमरी में बने 'वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट' का उदघाटन करने आए थे।

उन्होंने कहा कि आज के समय में हमारा पर्यावरण तेजी से दूषित हो रहा है। हम अपने दैनिक उपयोग में हर दिन बड़े पैमाने पर कूचा कचरा पैदा कर रहे है। जिसका निस्तारण नहीं करने से यह हमारे पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहा है। डीएम ने कहा कि पहले प्रदूषण का खतरा सिर्फ बड़े शहरों में ही था। लेकिन अब कस्बाई इलाकों तथा हमारे गांवों में भी प्रदूषण लेवल बढ़ रहा है। उससे



वेस्ट प्रोसेसिंग का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व अन्य

निपटपने के लिए जरूरी है कि सभी लोग मिलकर कचरा प्रबंधन में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण जनित बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए जरूरी है कि हम अपने गांव तथा पड़ोस को साफ सुथरा रखें। उन्होंने ग्रामीणों से साफ सफाई की आदत डालने तथा डोर टू डोर कचरा का उठाव करने आने वाले सफाई कर्मियों का सहयोग करने की अपील की। डीएम ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर हम प्रदूषण जनित खतरानक बीमारियों को जड़ से मिटा सकते है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए भी स्वच्छता को आदतों में शुमार करना जरूरी है। उन्होंने लगे हाथ ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन में सहयोग करने तथा नियममित रूप से सफाई कर्मियों को कूड़ा देने के लिए प्रेरित भी किया। मौके पर डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज, सिमरी प्रभारी बीडीओ रजत कुमार सिंह, डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर, एकौना मुखिया अशोक राय, खरहाटाड़ मुखिया रामनारायण यादव, राजापुर मुखिया मदन राय, गायघाट पंचायत के मुखिया दिनेश राय समेत प्रखंड के कई अन्य पंचायतों के मुखिया, डुमरी पंचायत के सभी पंचायत प्रतिनिधि, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सफाईकर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

### साढ़े सात लाख रुपए की लागत से पंचायत में बनाया गया है वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट

डुमरी पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए साढ़े सात लाख रुपए की लागत से खरहाटांड़ रोड में 'वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट' का निर्माण कराया गया है। पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने कहा कि वे अपने पंचायत को न सिर्फ प्रखंड में बल्कि जिले का सबसे स्वच्छ व सुंदर गांव बनाना चाहते है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से कूड़े का उठाव करा उसे कचरा प्रबंधन यूनिट में डाला जाएगा। इसके लिए सभी सफाईकर्मियों को निर्देश दिया गया है। वही उनकी निगरानी के लिए एक निगरानी समिति का गठन भी किया गया है। मुखिया ने कहा कि वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का उदघाटन होने से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है।

## हंगामेदार रही बक्सर नगर परिषद के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक

# सफाई एनजीओ के साथ हुए एग्रीमेंट का पेपर नहीं मिलने से पार्षद नाराज

- सदस्यों ने कार्यपालक पदाधिकारी की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर परिषद के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक हंगामेदार रही। मुख्य तथा उपमुख्य पार्षद के साथ ही अन्य पार्षदों के निशाने पर कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम रही। पार्षदों ने उनके कार्यशैली पर जमकर हंगामा मचाया। मंगलवार को आयोजित इस बैठक में मुख्य तथा उपमुख्य पार्षद कार्यपालक पदाधिकारी से सशस्क स्थायी कमिटि की पिछली बैठक का प्रोसेडिंग बुक तथा सफाई के लिए जिस एनजीओ का चयन किया गया है उसका एग्रीमेंट पेपर कार्यपालक पदाधिकारी से मांग रहे थे। जबकि कार्यपालक पदाधिकारी टाल मटोल करने लगी। जिसके बाद पार्षदों का हंगामा बढ़ गया। एक समय ऐसा भी आया था जब कार्यपालक



नप अध्यक्ष कार्यालय में बैठक में शामिल वार्ड पार्षद व प्रतिनिधि

पदाधिकारी बैठक से उठ अपने कक्ष में चली गई थी।

बता दें कि करीब छह महीना पहले ही पिछले बोर्ड को भंग कर दिया गया था। तब से नगर परिषद का काम सीधे कार्यपालक पदाधिकारी के जिम्मे ही था। इस दौरान पूरे शहर में सफाई के नाम पर लूट खसोट की चर्चा भी जोरों पर थी। चुकी नगर परिषद के बोर्ड को भंग कर दिया गया था, जिस कारण बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं हो पाई थी। इस दौरान कई पूर्व पार्षद भी सफाई व्यवस्था से नाराज दिखे थे। वही चुनाव होने के बाद नव निर्वाचित पार्षदों में भी सफाई व्यवस्था में मनमानी के प्रति भेदभाव था। यही कारण है कि बोर्ड की पहली बैठक में ही सदस्यों ने इसे जोरदार तरीके से उठाया। उनके सवालों का जबाव देने के बदले कार्यपालक पदाधिकारी टाल मटोल करती नजर आई। जिससे सदस्यों का आक्रोश बढ़ गया था।

### एग्रीमेंट पेपर को सार्वजनिक करने की उठी मांग

बैठक के दौरान सबसे पहले मुख्य पार्षद कमरून निशा ने कार्यपालक पदाधिकारी से यह जानना चाहा कि सफाई एनजीओ से क्या एग्रीमेंट हुआ है तथा प्रत्येक महीने शहर की सफाई व्यवस्था पर कितना रूपया खर्च किया जा रहा है। लेकिन कार्यपालक ने इनके सवाल के जबाव नहीं दिए। इसके बाद यही प्रशन उप मुख्य पार्षद इशरत बानो ने भी उठाया। लेकिन कार्यपालक पदाकारी प्रेम स्वरूपम इस बार भी चुप हो गई थी। जिसके बाद पार्षद चक्रवर्ती चौधरी, दीपक सिंह समेत सभी पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। पार्षद उस एग्रीमेंट पेपर को सभी पार्षदों तथा आम जनता के सामने सार्वजनिक करने की मांग कर रहे थे। पार्षदों की मानें तो नप प्रशासन द्वारा सफाई के नाम पर प्रत्येक महीने लाखों रूपए खर्च कर रहा है। बावजूद सफाई संतोषजनक नहीं है। पार्षदों ने कहा कि जब भी वे लोग अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग करते है तो उनकी बातों को अनसुना कर दिया जाता है। बैठक के दौरान पार्षदों के आक्रोश का यह बड़ा कारण रहा। इस संबंध में मुख्य पार्षद कमरून निशा व उप मुख्य पार्षद इशरत बानों ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ नगर विकास विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

> "उनका दायित्व सिर्फ काम को संपादित कराना है। जिसे वे बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि सभी काम पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है।
>
> *- प्रेम स्वरूपम, कार्यपालक पदाधिकारी, नप, बक्सर*

## एक नजर

### आयुष ने पहले प्रयास में ही क्वालिफाई किया जेईई मेन सेशन वन की कठिन परीक्षा



**बक्सर।** कहा जाता है कि परिंदों को तालीम नहीं दी जाती है उड़ानों की ... वे खुद ही छू लेते है बुलंदियां आसमानों की... जेईई मेन सेशन वन की कठिन परीक्षा को पहले प्रयास में ही क्वालिफाई कर इस उक्ति को चरितार्थ कर दिया है बक्सर के किशोर आयुष सिंह ने। उसे इस परीक्षा में 99.92 परशेंटाइल अंक मिले है। आयुष आगे चलकर देश के सबसे बड़े इंजिनियरिंग इस्टिट्यूट ह्वआईआईटीह्व से कंप्यूटर साइंस में बी टेक कर उच्च श्रेणी का इंजिनियर बनना चाहता है। रिजल्ट आने के बाद मानों उसके सपनों को पर लग गए है। बता दें कि सोमवार की रात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सेशन वन परीक्षा का रिजल्ट जारी किया है। जिसमें बक्सर जिला के आयुष कुमार सिंह ने 99.92 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा जिले को गर्वान्वित किया है। आयुष मूल रूप से जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट पंचायत के अंतर्गत बलुआ गाँव के प्रवीण सिंह के पुत्र है। उसके पिता पटना में सचिवालय सहायक के पद पर है। आयुष की पढ़ाई भी पटना से ही हुई है। उसने अपने माता पिता, दादा तथा भाई बहनों को इस सफलता का श्रेय दिया है।

### 72 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नावानगर।** तू डाल डाल, मैं पात पात की तर्ज पर शराब तस्कर एवं पुलिस के बीच खेल चल रही है। एक तरफ तस्कर शराब की कारोबार करने के लिए नए-नए तरीका अपना रहे हैं। वही पुलिस तस्करों की मंसूबे पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मंगलवार को कुछ ऐसा ही नजारा सोनवर्षा ओपी में देखने को मिला। जहां सोनवर्षा प्लस टू हाईस्कूल के पास एक बाइक पर जुट के बोरा में 72 लीटर महुआ शराब की खेप ले जाने के दौरान तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही तस्कर की बाइक जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर भोजपुर जिला के इमादपुर थाना के बिकू कुमार पिता कामेन्द्र सिंह है। पुलिस ने तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक से शराब की खेप सोनवर्षा प्लस टू हाईस्कूल के पीछे पहुंचने वाली है। सूचना पर सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने उक्त स्थान पहुंच बाइक आने की इंतजार करने लगे। थोड़ी देर इंतजार के बाद स्कूल के पास एक बाइक पहुंची। जिसे पुलिस ने रोक तलाशी लिया। इस दौरान बाइक के पीछे एक जुट के बोरा की तलाशी लिया। जिसमें बोरा के अंदर 9 प्लास्टिक की थैली में कुल 72 लीटर महुआ शराब पुलिस के हाथ लग गई। प्रत्येक थैला में 8 लीटर महुआ शराब थी। शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने तस्कर को धर दबोचा। साथ ही उसकी बाइक जब्त कर ओपी ले आए। इस संबंध में ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि 72 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उसकी बाइक जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर से शराब तस्करी गिरोह के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### विवाद में दंपति की पिटाई, छह पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कमधरपुर गांव में विवाद को लेकर एक दंपति की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कमधरपुर के रहने वाले विनोद पासवान की पत्नी रीता देवी ने अपने पड़ोस के छह लोगों के खिलाफ स्थानीय पुलिस में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़िता अपने खेत पर गयी तो वहां देखा कि खेत से सब्जी गायब है और सब्जी के पौधों को क्षति पहुंचाई गयी है। वह घर आकर अपने पड़ोसी से पूछने लगी। इसी दौरान हरेराम पासवान, संतोष पासवान, गुड्डू पासवान, मनीष पासवान, अनीश पासवान आदि ने गाली-गलौज देते हुए लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जब पति बचाने आये तो उनकी भी पिटाई कर दी गयी। मोहल्ले के लोग शोरगुल सुनकर पहुंचे और मामले को शांत कराया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### संत रविदास की मूर्ति का हुआ विसर्जन

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास संत रविदास की जयंती संपन्न होने के बाद मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में रखें संत रविदास की मूर्तियों का विसर्जन नदी, तालाबों आदि जलाशय में किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा संत शिरोमणी की प्रतिमा के साथ जुलूश भी निकाला गया था। जुलूस विभिन्न गांवों से गुजरते हुए नजदीक जलाशयों के पास पहुंच रहा था। जहां उनकी मूर्ति को विसर्जित करने के बाद पूजा समिति के सदस्य वापस घर लौट रहे थे। वहीं, विसर्जन के दौरान विवाद ना हो इसको लेकर नावानगर थाना प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात दिखे। विसर्जन के दौरान डीजे की धुन पर युवाओं ने खूब नृत्य किया। गौरतलब है कि संत शिरोमणी रविदास ने कर्म को ही पूजा बताया था। उनके सरल व सहज स्वभाव के साथ ही कर्मवाद का सिद्धांत खासा लोकप्रिय है। जिस कारण उन्हें संत शिरोमणी की उपाधि दी गई है।

## किराना व्यवसायी के खाते से गायब हुई एक लाख की राशि, केस दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बंधन पटवा मोहल्ला निवासी वंशी प्रसाद केशरी के पुत्र रामजी प्रसाद केशरी के खाते से एक लाख रुपये की राशि गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर एक्सिस बैंक के द्वारा फर्जी तरीके से राशि निकासी किये जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित किराना का व्यवसायी बताया जाता है और वह राजगोला में अपना कारोबार चलाता है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि पिछले दो फरवरी की देर शाम चार बार में एक लाख रुपये की मेरे खाते से निकासी कर ली गयी जबकि इस संबंध में मेरे मोबाइल पर ना



ओटीपी आया और न ही किसी प्रकार का मैसेज। पहली बार मे 80 हजार, दूसरी बार मे 15 हजार और उसके बाद तीन हजार तथा दो हजार की राशि की निकासी गयी है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने के साथ बैंक शाखा को दिया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पुलिस मामले को दर्ज कर हर बिंदुओं पर तफ्तीश शुरू कर दी है।

## चौगाई अंचल कार्यालय में बढ़ा दलालों का बोलबाला

- भ्रष्टाचार व दलाली से त्रस्त है आम आवाम

**केटी न्यूज/चौगाई**

जो सरकारी दस्तावेज गोपनीय होता है वो दस्तावेज दलाल के हाथों में सुरक्षित समझते है सरकारी कर्मचारी। चौगाई अंचल कार्यालय में आए दिन कर्मचारियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति में सारे दस्तावेज प्राइवेट आदमी के हाथों में देखे जा रहे हैं। वैसे प्राइवेट आदमी जो दाखिल खारिज या रसीद कटाने से लेकर सभी कार्य कराने का ठिका लेकर अंचल कार्यालय पर मौजूद रहता हैं। या यो कहे कि ऐसे आदमी आज प्राइवेट राजस्व कर्मचारी की तरह कार्य कर रहा है वो भी अंचल के कर्मचारी के बगल में ही कुर्सी लगता है। ऐसे में यह भी कहना कोई गुरेज नहीं की यह



प्राइवेट आदमी के हाथों में सरकारी दस्तावेज

सब अंचलाधिकारी और कर्मचारी की सहमती से हो रहा हैं।

चौगाई प्रखंड अन्तर्गत ठोड़ी पांडेपुर निवासी घनश्याम पांडे हर रोज की तरह मंगलवार को अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी की कुर्सी पर बैठ सरकारी दस्तावेजों को उलट पलट करते हुए कैमरे में कैद हो गए। जब उनसे पूछा गया उनका नाम तो अपना नाम घनश्याम पांडे बताए, पर यह पूछने पर की यह सरकारी दस्तावेज किसके आदेश पर आप उलट पलट रहे है तो जवाब देने से बचते हुआ कार्यालय में ताला लगाकर भागते नजर आए। विदित हो कि यह घनश्याम पांडे रोज कर्मचारी की तरह समय से कार्यालय पहुंच अंचलाधिकारी की कुर्सी से मात्र 20 फीट की दूरी पर राजस्व कर्मचारी की कुर्सी पर बैठ कर सभी तरह की अंचल का कार्य करता है। अंचल कार्यालय का सीसीटी वी कैमरे की जांच करने पर यह स्पष्ट दिख जायेगा। अब यह राजस्व कर्मचारी व अंचलाधिकारी बताऐंगे की किसके आदेश पर यह प्राइवेट आदमी अंचल का सभी कार्य करता है। वही चौगाईं कर्मचारी रामबदन तिवारी से जब पूछ गया तो उन्होंने बताया कि दरवाजा कब्जा का टुटा हुआ था, उसे बनवाने के लिए बुलाये थे। अब सवाल ये उठ रहा है कि कर्मचारी के कार्यालय में ताला खोल कर सरकारी दस्तवेज को देख रेख कैसे कर रहे है। और अंचल के कर्मचारी के बिना उपस्थिति में ही कार्यालय का ताला चाभी प्राइवेट आदमी के पास कैसे गया है। वहीं, जब चौगाईं अंचलाधिकारी से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि धनश्याम पांडेय अंचल का कोई कर्मचारी नहीं हैं।

## हनुमत धाम कमरपुर गांव में 15वें सदुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव में फुलवारी, धनुष यज्ञ की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

# वाटिका में माली ने श्रीराम से फूल न तोड़ने का किया आग्रह

- अखंड हरिकीर्तन व भक्तमाल का सस्वर गायन का आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के हनुमत धाम कमरपुर गांव में आयोजित 15वें सदुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव का चौथा दिन श्रीराम के बरात प्रसंग से मंगलवार को भक्तिमाहौल में कमरपुर जनकपुरी बन गया। कार्यक्रम श्री रामचरित्र दास 'महात्मा जी' के देख रहे में चल रही है। वहीं सुबह में अखंड हरिकीर्तन व भक्तमाल का सस्वर गायन किया गया।

**भइले मिथिला में शोर, आज सिया लाडली के छैन मटकोड़ :** सियाजी की महिलाओं ने हल्दी व



मटकोड़ की रस्म पद गायन कर निभाई गई। मटकोड़ के दौरान मिथिलांचल की मैथली भाषा में महिलाओं ने "भइले मिथिला में शोर, आज सिया लाडली के छैन मटकोड़, आनंद सगुन सुहावन हरदी लगावन है, तथा हरदिया बड़ी पातर है... आदि गीतों को गाकर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान विनीता दीदी, सिया दीदी, रामु, दिलीप, अंगद सिंह, जग्गनाथ सिंह, रामावतार, कृपा सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

हनुमत धाम मंदिर में अयोध्या धाम से पधारे संत श्री अनंत विभूषित नरहरि दास जी महाराज ने फुलवारी से राम बरात की कथा विस्तार से सुनाई। उन्होंने कहा कि वैदेही वाटिका के रखवाली करने वाले माली अपने कार्य पर लगे हुए हैं। इसी बीच श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ फूल की डलिया लेकर पुष्प वाटिका पहुंचते हैं। जनकपुर पहुंचे दोनों राजकुमार गुरु विश्वामित्र के आदेशानुसार पूजन के लिए फूल लेने को राजा जनक नंदिनी की वैदेही वाटिका में पहुंचते हैं। राजा जनक के महल में अवस्थित पुष्पवाटिका की रखवाली में लगे माली अपनी चुस्ती दिखा रहे थे। वहीं, वाटिका के प्रमुख द्वार पर तैनात वाटिका के मुख्य माली ने श्री राम को वाटिका में प्रवेश से रोक देते हैं। इस पर श्रीराम ने माली से वाटिका में प्रवेश की अनुमति मांगने लगते हैं "बंधु माली हो हमके चाही कछू तुलसी दल और फूल.." परंतु माली तो प्रभु श्रीराम की बात भी सुनने को तैयार नहीं थे। माली और राम जी के बीच में हुए संवाद को एक एक पद गाकर भक्तों को झूमा दिया।

आगे कहे कि माली भगवान श्रीराम से कह रहे हैं कि आपके हाथ कमल के फूल से भी कोमल हैं। इन हाथों से आप कैसे फूल तोड़ पाएंगे। हम माली ही फूल तोड़ कर आपको दे देते हैं। प्रभु स्वयं ही अपने हाथों से फूल तोड़ने की बात कह रहे थे। उनका कहना था कि गुरु सेवा का धर्म उन्हें निभाना है ऐसे में वह अपने हाथों से फूल तोड़ेंगे। मालियों ने श्रीराम को वैदेही की जय कहने को कहा । श्रीराम रघुकुल की शान के विरुद्ध माना और ऐसा करने से इंकार कर दिया। बाद में कोई चारा नहीं चलता देख हार मानकर श्रीराम ने जनकपुर के निवासियों व जनक पुत्री के जयकारे लगाये। मालियों ने प्रभु को वैदेही वाटिका में फूल तोड़ने को छूट दे दी। उधर मालियों ने मन ही मन श्रीराम को वैदेही का वर मान लिया था। आगे बताये की उसी समय जनक नंदनी सीता बागीचे में पूजन करने जा रही थीं। लेकिन सीता जी को श्रीराम जी देख लेते हैं। सीता जी गौरी पूजन को वाटिका में स्थित मंदिर चली जाती हैं। इसके बाद धनुष यज्ञ व राम बरात की कथा विस्तार से पद गाकर सुनाया।

कार्यक्रम में कुंदन, रविलाल, नमोनारायण, मनीष, प्रिंस, सतीश, नीतीश, अनीश, मनोरंजन, प्रियांशु, रामकृपाल, श्याम प्रकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज गाजीपुर में

**गाजीपुर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आठ फरवरी को गाजीपुर के दौरे पर आएंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आठ फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें। उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। डिप्टी सीएम भाजपा के दिवंगत नेता प्रभुनाथ चौहान के घर मियनाबड़ा, जलालाबाद पहुंच कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देंगे। इसके अलाया गांव नसीरपुर पहुंच कर पूर्व विधान परिषद सदस्य ब्रजभूषण सिंह कुशवाहा से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे। इसके बाद वह गाजीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे और यहां पार्टी नेताओं से बात करेंगे। इसके बाद अधिकारियों से मीटिंग करेंगे।

### कल गाजीपुर आएंगे पूर्व सीएम अखिलेश यादव

**गाजीपुर।** पूर्व पंचायती राजमंत्री स्व.कैलाश यादव की प्रतिमा अनावरण करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नौ फरवरी को गाजीपुर आएंगे। कार्यक्रम लुटावन महाविद्यालय सकरा में आयोजित है। इस कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। अखिलेश का ऐतिहासिक स्वागत करने एवं भारी भीड़ जुटाने के लिए कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर शासन प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है।

### गोली लगने से बासूचक के पूर्व प्रधान की मौत

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली के आरकेबीके पेट्रोल पंप के सामने सोमवार की देर शाम तिलक समारोह में जा रहे चार पहिया में बैठे बासूचक के पूर्व प्रधान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोली बाएं तरफ सीने में लगी थी। ऐसे में पुलिस छह लोगों से पूछताछ करने में जुटी है, जो वाहन में सवार थे। इलाके के रामपुर मांझा थाना क्षेत्र के बासूचक निवासी पूर्व प्रधान मनोज सिंह (50) सेवराई स्थित एक तिलक समारोह में जा रहे थे। उनके साथ वाहन में करीब छह से सात लोग भी मौजूद थे। शहर के आरकेबीके पास वाहन में संदिग्ध परिस्थितियों में पूर्व प्रधान को सीने के बाएं तरफ गोली जा लगी। वाहन में सवार लोग उन्हें उपचार के लिए जमा्नियां तिराहा स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस पहुंची। इधर परिजन और अन्य लोग भी अस्पताल पहुंचे।

# एक विवाह ऐसा भी... एकसाथ 455 जोड़ों ने साथ जीने-मरने की खाईं कसमें

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत शादी समारोह का आयोजन आरटीआई मैदान में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्टांप व न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने किया। योजना के अंतर्गत जनपद के 455 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें तीन मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह कराया गया। इस दौरान मंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से 35-35 हजार रुपये की राशि वधुओं के खाते में हस्तांतरित की। नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण-पत्र एवं पौध रोपण के लिए फलदार वृक्ष का पौधा दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ों को शुभकामना दी।





मुख्य अतिथि ने नव विवाहित वर-वधुओं को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है, उसे आजीवन निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारों को इसका लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर बिटियॉ का हाथ पीला करने का संकल्प मैं लेता हूं। हर मां- बाप का सपना होता है कि उसकी बेटी का विवाह हो इसलिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने उनके सपनों को पूरा करने के लिए सामूहिक विवाह को भव्यता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटी लक्ष्मी होती है। कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से बेटियों के जन्म पर 1000 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त छह चरणों में कुल 15,000 रुपये प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि बेटियों की पढ़ाई, सुरक्षा, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से बेटियों के जीवन को सशक्त बनाने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। बेटियों की नौकरी के लिए सरकार तत्पर है। यदि व्यापार करने के इच्छुक हैं, तो सरकार खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से उन्हें रोजगार देने का कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त बेटियों के नाम उद्योग धंधे स्थापित करने पर 35 प्रतिशत की धनराशि छूट के माध्यम से सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। आधुनिक खेती के इच्छुक व्यक्तियों के लिए 32 लाख रुपये प्रति एकड़ सरकार अनुदान देती है। आभार मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता एवं कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र प्रसाद लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र ने किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इंवेस्टर समिट: विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 61 उद्योगपतियों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

# बलिया में दो हजार करोड़ का होगा निवेश जॉर्डन के कारोबारी लगाएंगे मेडिसीन फैक्ट्री

**केटी न्यूज/बलिया**

उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी इंवेस्टर समिट का आयोजन मंगलवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में हुआ। इसमें देश के विभिन्न उद्यमियों के अलावा जॉर्डन से आए उद्यमी ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस समिट में आए कुल 61 उद्यमियों ने लगभग दो हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा जार्डन से आए कारोबारी रज्जाक शुकुर अल-ईबादी ने 120 करोड़ की मेडिकल फैक्ट्री लगाने के संकेत दिए।

समिट को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। उसके लिए यहां पर्याप्त भूमि और सुरक्षित माहौल है। हमारा प्रयास होगा कि यहां के चीनी मिल को फिर से शुरू किया जाए और गन्ने से एथेनॉल बनाया जाए। इस दिशा में पूरी गंभीरता से पहल करुंगा। उन्होंने कहा कि गुजरात के कुछ निवेशक, जो सौर ऊर्जा से जुड़े हैं, उनको भी बलिया में आकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने की मैनें अपील की है। सुरहाताल में फ्लोटिंग



- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बोले- बलिया में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं
- हमारा प्रयास है कि यहां के चीनी मिल को फिर से शुरू किया जाए और गन्ने से एथेनॉल बनाया जाए।
- कटहल नाला के दोनों तरफ पाथ-वे, बेंच, सोलर लाइट्स व अन्य से सुंदर बनाया जाएगा

रिसोर्ट व पानी में तैरने वाला रेस्टोरेंट बन जाए तो पर्यटन के लिहाज से और बेहतर हो जाएगा। बलिया में



गंगा नदी में तमाम डॉल्फिन मिलती हैं। माल्देपुर में डॉल्फिन प्वाइंट भी बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर अब हर क्षेत्र में बलिया का विकास तेजी से हो रहा है। परिवहन मंत्री ने कहा कि कटहल नाला के दोनों तरफ पाथ-वे, बेंच, सोलर लाइट्स व अन्य व्यवस्था कर सुंदर बनाया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के साधन भी होंगे। मंत्री ने कम समय में बेहतर आयोजन के लिए जिलाधिकारी व उनकी पूरी टीम की सराहना की। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग के लिए कच्चा माल यहां आसानी से मिल जाएगा, लिहाजा क्षेत्र में भी अच्छा उद्योग विकसित किया जा सकता है।

### उद्योग धंधों के लिए पर्याप्त जमीन : डीएम

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे पास उद्योग धंधों के लिए पर्याप्त जमीन है। सबसे अच्छी बात कि जहां पर जमीन उपलब्ध है, वहां से एक्सप्रेस-वे और बड़े शहरों में आवागमन सुगम है। उन्होंने बलिया में एक अलग विजन देने के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सीडीओ प्रवीण वर्मा ने उद्योग के लिहाज से बलिया की सुविधाओं के बारे में बताया। उप कृषि निदेशक इंद्राज ने कहा कि कृषि क्षेत्र में बलिया के विकास के लिए किसान उत्पादक संगठन काम कर रहे हैं।

### उद्यमियों को उपहार में दिए मोटे अनाज

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने समिट में आए सभी अतिथियों को उपहार के रूप में जनपद में उत्पादित मोटे अनाज का पैकेट दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरा विश्व वर्ष 2023 को 'मिलेट ईयर' के रूप में मना रहा है। हम सब का स्वास्थ्य सही हो इसके लिए हमें मोटे अनाज के तरफ लौटना ही होगा। बलिया में विभिन्न किस्म के मोटे अनाज का पर्याप्त उत्पादन होता भी है। सब्जी के निर्यात के बाद अब मोटे अनाज के निर्यात के जरिए आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं हैं।

**स्वागत के लिए बनाई शानदार कलाकृतियां:** कला शिक्षक इफ्तेखार कान के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज के कला के विद्यार्थियों ने शानदार कलाकृति के जरिए सबका स्वागत किया। इन्वेस्टर समिट का लोगो व स्वागत से जुड़े कलाकृति बनाई, जिसकी मंत्री और जिलाधिकारी के अलावा हर किसी ने सराहना की। कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साह, एसपी राजकरण नैय्यर सहित अन्य अधिकारी व उद्यमी गण मौजूद थे।

## पहल... अब किसानों को फसल उत्पादन के लिए वन स्टॉप शॉप के माध्यम से मिलेंगी समस्त सुविधाएं

**बलिया।** किसानों को उनकी फसल उत्पादन के लिए कृषि केन्द्र (एग्री जंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें वन स्टॉप शॉप के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने की योजनान्तर्गत जनपद में 16 एग्री जंक्शन के भौतिक लक्ष्य आवटिंत किये गये हैं। उप कृषि निदेशक इन्द्राज ने बताया है कि वन स्टॉप शॉप किसानों के लिये एग्री जंक्शन के रूप में कार्य करेगा जिसके अन्तर्गत कृषकों को निम्न सुविधायें प्राप्त होगी। जिसमें उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक तथा जैव कीटनाशकों सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति आदि। कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्व विद्यालयों से डिग्रीधारी है। आयु 40वर्ष से अनधिक, अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं को 05 वर्ष की छूट अधिकतम। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित तहसील के उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एंव उप कृषि निदेशक के कार्यालय से प्रार्थना पत्र का प्रारूप प्राप्त कर समस्त अभिलेखों की मूल एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति 17 फरवरी तक उप कृषि निदेशक के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में इकलौते पुत्र की मौत, परिवार में मातम

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढुआ गोदाम स्थित फोरलेन पर सड़क पार करते समय सोमवार की देर रात ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक परिवार का इकलौता बेटा था। मिली जानकारी अनुसार मृतक बहादुर यादव पुत्र मटर यादव 26 वर्ष, सरायलखंसी थाना क्षेत्र के हरपुर स्थित लखूपुर गांव का निवासी था। प्रयागराज बहादुर में रहकर कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। कुछ दिन पहले ही वह अपने गांव आया था। सोमवार की रात सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढुआ गोदाम गांव में एक व्यक्ति के यहां निमंत्रण में गया था। वापस घर लौटने के दौरान वह सडक पार कर रहा था कि अचानक ट्रक की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## एक नजर

### बलिया की पहली फ्लाइंग ऑफिसर साक्षी त्रिपाठी का आर के मिशन स्कूल में हुआ सम्मान



**बलिया।** आर के मिशन स्कूल बलिया में मंगलवार को जनपद की पहली फ्लाइंग ऑफिसर साक्षी त्रिपाठी का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। साक्षी त्रिपाठी अजय त्रिपाठी व रीता त्रिपाठी की बेटी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बलिया से उत्रीण कर वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान में प्रवेश लिया, उसके उपरांत उनका चयन एयरफोर्स में हुआ। स्कूल के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने साक्षी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार मेधावी लोगों को सम्मानित करता रहा है। नारी शक्ति का सम्मान सुसंस्कृत समाज का हिस्सा है। साक्षी ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त मानसिकता को शिक्षा व जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। कड़ी मेहनत से मैंने अपना सपना साकार किया है। अतः प्रत्येक बालिका को शिक्षित होकर राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाना चाहिए। वर्तमान में साक्षी त्रिपाठी की पोस्टिंग बंगलोर में है। साक्षी की मां आर के मिशन स्कूल में शिक्षिका हैं।

### दिव्यांगजन के बीच मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित

**गाजीपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मंगलवार को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन आरटीआई मैदान किया गया। मुख्य अतिथि स्टाप व न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने 100 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कर उन्हें शुभकामना दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजेश यादव आदि उपस्थित थे।



### भाकपा माले ने विद्युत उपकेंद्र मनियर पर धरना दिया

**मनियर बलिया।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले ने अपने 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर विद्युत उपकेंद्र मनियर पर मंगलवार को धरना दिया। धरनास्थल पर पहुंची नायब तहसीलदार बांसडीह अंजू यादव को भाकपा माले के नेताओं ने मांग पत्र सौंपा। माले नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत मनियर व आसपास के इलाकों में बिजली चेकिंग के दौरान उपभोक्ताओं व गरीब लोगों का विद्युत कनेक्शन विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिना नोटिस के काट दिया जाता है। बिना मीटर रीडिंग के अधिक बिजली बिल भेजा जाता है व अवैध रूप से पैसा वसूली की जाती है। बिजली विभाग द्वारा हो रहे भ्रष्टाचार व दूर्व्यवस्था के विरोध में हम लोग आज धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ।उनकी मांग थी कि बिजली चेकिंग के दौरान काटे गए तारों को वापस किया जाय। बिजली विभाग द्वारा किए गए सभी फर्जी मुकदमा वापस लिया जाय। मीटर रीडिंग के अनुसार बिजली बिल लिया। घर बैठे बिजली उपभोक्ताओं के यहां हर माह बिजली बिल पहुंचाने की गारंटी की जाय। कार्यक्रम को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले के राष्ट्रीय कमेटी के सदस्य व खेत मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम चौधरी ,सपा नेता शिवनारायण राय, कामरेड बसंत कुमार सिंह उर्फ मुन्नी सिंह, वशिष्ठ राजभर, अवकाश प्राप्तअध्यापक लल्लन यादव, राजू राजभर ,राधेश्याम, अविनाश सोनी ,राजन सहित आदि लोगों ने संबोधित किया। अध्यक्षता विनय सिंह व संचालन राजू राजभर ने किया।



### पीजी कॉलेज नकल करते छात्र पकड़ाया

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में मंगलवार को सायंकाल की पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय -हिन्दी की परीक्षा में कुल 1253 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 1223 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 30 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय की उपस्थिति में सघन जांच में एक परीक्षार्थी को मोबाइल द्वारा नकल करते हुए आंतरिक उड़ाका दल द्वारा पकड़ा गया। आंतरिक उड़ाका दल के सदस्य के रूप में चीफ प्रॉक्टर प्रोफे. अरुण कुमार यादव, डॉ० बद्रीनाथ सिंह, डॉ. रामदुलारे, एवं डॉ. शिप्रा श्रीवास्तवा आदि सघन जांच अभियान चलाया और एक नकलची को धर दबोचा।

## स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

# इंवेस्टर्स समिट के जरिए प्रदेश के हर युवा को रोजगार से जोड़ने का है लक्ष्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यूपी इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रीलियन डालर का आकार देते हुए युवाओं को प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य बनाया है। उक्त उदगार साउथ बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय बोधगया के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एचसीएस राठौर ने स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कुशलपाल श्रोतशाला में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट 2023 के ओरियंटेशन प्रोग्राम में छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को विभिन्न विभागों की नई निर्गत नीतियों के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जनपदों में एक दिवसीय ओरियन्टेसन कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर किया जा रहा है।




### सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक रहें युवा

इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर राठौर ने कहा कि देश की बेहतर अर्थव्यवस्था बनाए रखने में युवाओं की महत्ती भूमिका है। युवाओं को अपने देश, राज्य और अपने आसपास होने वाले सामाजिक आर्थिक कार्यक्रमों के साथ ही सरकार की नीतियों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। बैंक से लोन के रूप में आर्थिक सहायता लेकर युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में अपना करियर तलाशना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के मकसद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से देश-विदेश के इंवेस्टर को प्रदेश में निवेश करने को लेकर आमंत्रित कर रहा है। आने वाले समय में प्रदेश एवं देश के युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। प्रदेश की इकोनॉमी को आकार देकर एक ट्रिलियन तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसीलिए आज यह कार्यक्रम का आयोजन गाजीपुर जनपद में किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डीआईओएस गाजीपुर अशोक नाथ तिवारी ने किया। महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका में डॉक्टर डीके सिंह और प्रोफ.एस०एन० सिंह रहे।